# आचार्य नरेन्द्रदेव महाविद्यालय

शाहपुर पटोरी ( समस्तीपुर ) पिन कोड – 848504

(ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई)

पत्रांक.....xxxx.....

प्रधानाचार्य

दिनांक.....27/06/26

# सूचना

ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के पत्रांक छा0क0– 51/26 दिनांक 26.06.2026 के आलोक में समर्थ पोर्टल के माध्यम से चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2026–30 (सी0बी0सी0एस0) में नामांकन हेतु प्रथम सूची से चयनित छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि नामांकन हेतु दिनांक 29.06.2026 से दिनांक 06.07.2026 के 04 बजे तक महाविद्यालय आकर अपने मेजर विषय के शिक्षकों से आवेदन प्रपत्र में भरे गये तथ्यों एवं संलग्न कागजातों की जाँच तथा सत्यापन कराकर महाविद्यालय कम्प्यूटर ऑपरेटर से अप्रूवल कराकर महाविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल **https://online.andcollege.ac.in/** पर दिये गये निर्देशों का पालन कर दिनांक 29.06.2026 से 06.07.2026 तक ऑनलाईन शुल्क का भुगतान करेंगे। नामांकन के पश्चात् सभी कागजात निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय काउन्टर पर जमा करेंगे। यदि ऑनलाईन शुल्क भुगतान के पश्चात नामांकन संबंधित कागजात महाविद्यालय काउन्टर पर जमा नहीं करेंगे तो उन छात्र/छात्राओं का समर्थ पोर्टल पर नामांकन अपडेट नहीं होगा, जिसके जवाबदेह संबंधित छात्र/छात्रा होंगे। नामांकन के लिए सत्यापन हेतु निम्नांकित कागजात छात्र/छात्राओं से लिए जाऐंगे :–

क) एडमिशन सेलेक्शन लेटर।
ख) कॉमन एप्लिकेशन फॉम (सी0ए0एफ)।
ग) महाविद्यालय/विद्यालय परित्याग/स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।
घ) अन्तर स्नातक या समकक्ष परीक्षा का प्रवेश पत्र की छाया–प्रति। (स्व–अभिप्रमाणित)।
ड) अंक–पत्र की छाया–प्रति।(स्व–अभिप्रमाणित)
च) पासपोर्ट साईज अद्यतन रंगीन फोटो की दो प्रतियाँ।
छ) जाति प्रमाण–पत्र/आय प्रमाण–पत्र आदि (जिसके लिए लागू हो)।(स्व–अभिप्रमाणित)
ज) आधार कार्ड छाया–प्रति। (यदि हो)।(स्व–अभिप्रमाणित)
झ) प्रव्रजन प्रमाण–पत्र **(Migration Certificate)** की मूल प्रति (जिसके लिये लागू हो)।

## आवश्यक निर्देश

1. **सभी विभागाध्यक्ष/शिक्षक आवेदक द्वारा भरे गये तथ्यों, आरक्षण कोटि के प्रमाण पत्र, अर्हता (प्राप्तांक) एवं लिंग संबंधी अभिलेखों का बारीकी से जाँच करेंगे, यदि कोई विसंगति पाई जाती है तो उसका नामांकन का आर्डर नहीं करेंगे। नामांकन के उपरान्त यदि कोई त्रुटि पाई जाती है तो इसके जवाबदेह संबंधित ओदश करने वाले शिक्षक होंगे।**

**नोट : नामांकित छात्र/छात्रा आवश्यक रूप से ऑनलाईन करने के बाद सभी संबंधित कागजात संलग्न कर दिनांक 06.07.2026 के शाम 05 बजे तक अचूक रूप से महाविद्यालय काउन्टर पर जमा करेंगे अन्यथा उनका नामांकन रद्द समझा जाऐगा और उक्त तिथि के बाद किसी भी हालत में कोई नामांकन फार्म स्वीकार नहीं किया जाऐगा।**

**प्रतिलिपि प्रेषित :– सभी शिक्षकों, संबंधित काउन्टर कर्मियों, लेखापाल, बर्सर एवं प्रधान सहायक एवं कम्प्यूटर ऑपरेट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।**

प्रधानाचार्य

Principal
A.N.D. College
Shahpur Patory (Samastipur)